# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा–324005

क्रमांक– एफ 9( )परीक्षा/कोविको/2015/ एसपीएल 01 दिनांक –08.01.2016

## ऑनलाईन परीक्षा/नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी संशोधित विज्ञप्ति

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा वर्ष 2016 की आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं के नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र निम्नानुसार दो चरणों में भरवाया जाना निर्धारित किया गया है:–

**प्रथम चरण–**स्नातक भाग–प्रथम एवं स्नातकोत्तर–पूर्वार्द्ध (प्रथम बार प्रविष्ट होने वाले छात्र ) एवं स्नातक मय व्यवसायिक पाठ्यक्रम एवं स्नातक व स्नातकोत्तर–प्रथम सेमेस्टर

| ऑनलाइन नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि | ऑनलाइन नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क राशि रू. 100/– के साथ जमा कराने की तिथि | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र दो गुना परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि | महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र मय चालान प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 09.12.2015 से 21.12.2015 तक | 22.12.2015 से 26.12.2015 तक | 26.12.2015 से 31.12.2015 तक | 09.12.2015 से 03.01.2016 तक |

**द्वितीय चरण–** स्नातक भाग– प्रथम (गत परीक्षा–2013,2014एवं 2015 में अनुत्तीर्ण छात्रों हेतु) , द्वितीय व तृतीय, स्नातक एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर–तृतीय, पंचम एवं स्नातकोत्तर–उत्तरार्द्ध मय व्यावसायिक पाठयक्रम, M.Ed., B.Ed., B.P.Ed., PGDCA व बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. एडिशनल

| ऑनलाइन नामांकन एवं परीक्षा आवेदन पत्र सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि | ऑनलाइन नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क राशि रू. 100/– के साथ जमा कराने की तिथि | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र दो गुना परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि | महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र मय चालान प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 31.12.2015 से 11.01..2016 तक | 12.01.2016 से 14.01.2016 तक | 15.01.2016 से 18.01..2016 तक | 31.12.2015 से 21.01.2016 तक |

**विशेष महत्वपूर्ण निर्देशः–**

1. परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विस्तृत निर्देश एवं प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in पर उपलब्ध है एवं परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्यक्रमों हेतु समय–समय पर छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहे।
2. परीक्षा शुल्कः– समस्त नियमित, पूर्वछात्र एंव स्वंयपाठी परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क ई–मित्र कियोस्क के माध्यम से जमा होगा, परीक्षा शुल्क जमा करवाने का निर्धारित शुल्क रू. 8/– प्रति परीक्षार्थी द्वारा देय होगा, जो ई–मित्र कियोस्क को अदा किया जायेगा। परीक्षार्थी शुल्क की रसीद की मूल प्रति का परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करावें। पूर्व विद्यार्थी (Ex-Student) परीक्षा फार्म को उसी महाविद्यालय में जमा करायें जहाँ वे नियमित (Regular) परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण घोषित हुए थे।

   (i) ई–मित्र पर परीक्षा शुल्क नगद जमा करवा सकते हैं अथवा क्रेडिट कार्ड एंव नेट बैंक के माध्यम से भी परीक्षा शुल्क उनकी वेबसाईट www.emitra.gov.in पर जमा करवा सकते है।

   (ii) ई–मित्र पर जमा शुल्क का विवरण (टोकन नं., जमा राशि व दिनांक) परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दोनों प्रति में निर्धारित स्थान पर अंकित पर परीक्षार्थी अपने हस्ताक्षर करें तथा हार्ड कॉपी के साथ ई–मित्र से प्राप्त मूल रसीद संलग्न करें।

(iii) आवेदन कर्त्ता चाहे तो अपना परीक्षा फार्म ई–मित्र पर भी ऑनलाईन भरवा सकते हैं। इसके लिए सम्बन्धित कियोस्क को उनका निर्धारित शुल्क रू. 20/– परीक्षार्थी द्वारा अलग से देय होगा।

(iv) यदि, किसी परीक्षार्थी के पास आवेदन पत्र भरते समय स्वंय का फोटो उपलब्ध नहीं है, तो वह अपना फोटो ई–मित्र कियोस्क केन्द्र पर कम्प्यूटर वेबकेम द्वारा खीचवा सकता, जिसके लिए ई–मित्र कियोस्क को निर्धारित शुल्क रू. 5/– अलग से देय होगा।

**ई–मित्र के अलावा अन्य किसी माध्यम (जैसे नगद/बैंक ड्राफ्ट/चैक/पोस्टल ऑर्डल आदि) के द्वारा जमा कराया गया परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।**

3. विश्वविद्यालय ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र हेतु परीक्षा एवं नामांकन/पात्रता आवेदन शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत ई–मित्र कियोस्क में से किसी एक का चयन कर चयनित ई–मित्र कियोस्क में ही चालान के माध्यम से जमा करवाया जा सकेगा। चयनित ई–मित्र कियोस्क के अतिरिक्त अन्य बैंक में जमा करवाया परीक्षा शुल्क मान्य नहीं होगा ना ही लौटाया जावेगा। **निर्धारित ई–मित्र कियोस्क के अलावा अन्य किसी माध्यम से परीक्षा शुल्क (जैसे–नकद/बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा स्वीकार्य नहीं होगा तथा डाक द्वारा भेजा गया परीक्षा/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।**
4. **परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है, कि वह अपना परीक्षा आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भर कर परीक्षा शुल्क जमा करावें। चूंकि परीक्षार्थी के द्वारा स्वंय की गलती से जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क परीक्षार्थी को वापस लौटाया (Non-Refundable) नहीं जावेगा।**
5. **माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/ छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष सुनिश्चित कर लें ।**
6. अभ्यर्थी यह विशेष रूप से ध्यान रखे की कोई भी अभ्यर्थी एक ही सत्र में नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी के रूप में एक से अधिक परीक्षा में नियमानुसार प्रविष्ट नहीं हो सकता है। यदि कोई अभ्यर्थी एक ही सत्र में दो परीक्षाओं में प्रविष्ट होना पाया जाता है तो अभ्यर्थी के दोनों परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त करते हुए, नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
7. विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में 2½ वर्ष से अधिक समय से निवास करने वाले स्वयंपाठी अभ्यर्थियों को तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र परीक्षा आवेदन पत्र में यथास्थान सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित कराना है।
8. छात्र ऑनलाईन परीक्षा/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र की हार्डकॉपी, परीक्षा शुल्क के चालान की मूल प्रति एवं आवश्यक दस्तावेजों/अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रतियों सहित सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित अवधि में जमा करवाना सुनिश्चित करावें।
9. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी कोई समस्या होने पर छात्र हेल्पलाईन नं. 08107851070 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
10. सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात् बाद में किसी भी परिस्थिति में बदलाव सम्भव नहीं होगा।
11. परीक्षार्थी परीक्षा परीक्षा आवेदन पत्र को सावधानी पूर्वक भरें अन्यथा परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की गलती जैसे– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, नामांकन संख्या इत्यादि में बाद में संशोधन करवाने पर रू. 100/– प्रति गलती परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करवाने पर सुधार सम्भव होगा।

परीक्षा नियंत्रक